तकनीकी विवि में एकेडमिक भवन का शिलान्यास

विश्वविद्यालय के 20वें स्थापना दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

देहरादून, 27 जनवरी (ब्यूरो): वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय(यूटीयू) के 20वें स्थापना दिवस पर एकेडमिक भवन का शिलान्यास किया गया। इस दौरान द्वितीय पूर्व छात्र सम्मेलन भी आयोजित किया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने एकैडमिक भवन के शिलान्यास के साथ लॉन टेनिस कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट, विश्वविद्यालय कैन्टीन भवन, ओपन जिम, स्टूडेंट लाउंज का लोकार्पण भी किया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह पिछले एक वर्ष की प्रगति से अवगत कराया। साथ ही स्मार्ट इण्डिया हैकाथॉन-2023 की प्रतियोगिता में परिसर संस्थान नन्ही परी सीमान्त इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट पिथौरागढ़ की विजेता टीम के छात्रों तथा उनके मेंटर को सम्मानित किया।

तकनीकी विश्वविद्यालय के 20वें स्थापना दिवस पर एकेडमिक भवन का लोकार्पण करते तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल।

इस दौरान सुबोध उनियाल ने कहा कि इन डेढ-दो वर्षों में विश्वविद्यालय तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान कर रहा है। छात्रों को उनकी जिम्मेदारी का एहसास कराने का कार्य एक टैक्नोक्रेट के माध्यम से ही सम्भव हो सकता है।

सहसपुर विधायक सहदेव पुण्डीर ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि छात्रों को अच्छी सुविधायुक्त व गुणवत्तापरक शिक्षा मिले। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मोनिका गर्ग, संजीव कुमार, अनिल, कुलसचिव सत्येन्द्र सिंह, वित्त नियंत्रक विक्रम सिंह जंतवाल, परीक्षा नियंत्रक डा. वीके पटेल आदि उपस्थित थे।